अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारकों,

आपके समक्ष 31 मार्च 2008 को समाप्त वर्ष हेतु निदेशक मंडल की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है।

पिछले कुछ वर्षों की तुलना में वर्ष 2007-08, अर्थ व्यवस्था में लगभग 8.7 प्रतिशत विकास के साथ, अर्थ व्यवस्था में चक्रीय उतार-चढ़ाव का साक्षी रहा है। अर्थ-व्यवस्था के सभी क्षेत्रों के विकास में मंदी का दौर छाया रहा। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में, हमारे सकल देशी उत्पाद (जीडीपी) के समानुपात निरन्तर वृद्धि हुई है। इससे विदेशी व्यापार तथा पूँजी प्रवाह में वृद्धि हुई। आरक्षिती विदेशी मुद्रा ने यूएस डालर बिलियन 300 के स्तर को पार कर लिया। विश्व के वित्तीय बाजारों में जुलाई 2007 से काफी अस्त व्यस्तता रही जिससे भारतीय बाजार में कुछ अनिश्चितता बनी रही। मुद्रास्फीति तब से लेकर अब तक लगातार चिंता का एक कारण रहा। वर्षानुवर्ष आधार पर मुद्रा आपूर्ति में 20.7 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

इस गुजरे वर्ष के दौरान, सभी कार्यनिष्पादन संकेतकों के अंतर्गत इस उद्योग में आपके बैंक का विकास अद्वितीय रहा है। वर्षानुवर्ष आधार पर 28 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए, आपके बैंक का **वैश्विक कारोबार रु. 2,64,800** करोड़ को पार कर गया है। आपके बैंक की वैश्विक जमाराशियाँ रु. 150,012 करोड़ के स्तर पर पहुँच गई और ऋण रु. 114,793 करोड़ तक पहुँच गया। कम लागत की जमाराशियों में 19.4 प्रतिशत की वृद्धि जिसमें बचत बैंक में 14.4 प्रतिशत और चालू जमाराशियों में 37.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बैंक ने हमेशा मिसाल स्थापित करने में विश्वास किया है और जब उद्योग की जमाराशियों में 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई, आपके बैंक की स्वदेशी जमाराशियों में वृद्धि 32 प्रतिशत रही (पिछले वर्ष 22 प्रतिशत)। इसी प्रकार बैंकिंग उद्योग में 22 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज़ हुई और आपके बैंक ने स्वदेशी परिचालन में 31 प्रतिशत की ऋण वृद्धि की।

वर्ष 2007-08 का **शुद्ध लाभ रु. 2009 करोड़** था, जिसने गत वर्ष की तुलना में 79 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वर्ष दर वर्ष लाभ में वृद्धि का यह प्रतिशत वर्ष के दौरान, समकक्ष सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में अधिकतम है। बैंक ने 12.04 प्रतिशत (बेसल-I 12.95 प्रतिशत) के पूँजी पर्याप्तता अनुपात के साथ सफलता पूर्वक बेसल-II में प्रवसन किया है। शुद्ध एनपीए (पिछले वर्ष 0.96 प्रतिशत) घटकर 0.52 प्रतिशत रह गया, जबकि, सकल एनपीए 1.68 प्रतिशत घटा (पिछले वर्ष 2.42 प्रतिशत)। इन सबने बैंक को न केवल कारोबार की राशि में, बल्कि मजबूत वित्तीय स्वास्थ्य के साथ नवीन ऊँचाइयो की श्रेणी में पहुंचाया है।

CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR'S STATEMENT

Dear Shareholders,

I have great pleasure in presenting before you the report of the Board of Directors for the year ended 31st March 2008.

The year 2007-08 witnessed a cyclical fluctuation in economy's growth as compared to past few years with the economy growing at around 8.7 percent. The deceleration in growth was spread across all the sectors of the economy. During the last couple of years India's International trade, an important dimension of global integration has risen steadily as a proportion of our GDP. This has led to an increase in foreign trade and capital inflow. Foreign exchange reserves crossed the USD 300 billion mark. The financial markets around the world witnessed considerable turbulence since July 2007 which created some uncertainty in the Indian market. Inflation was, and still continues to be a cause of concern. Money supply increased by 20.7 percent on a year on year basis.

In the year just gone by, your Bank's growth has been unparalled in the industry under all the performance indicators. **Global Business** has crossed **Rs. 2,64,800 crore,** growing at 28 percent on y-o-y basis. Your Bank's Global Deposits reached a level of Rs. 150,012 crore and Credit deployed was at Rs. 114,793 crore. Low Cost deposits grew by 19.4 percent, with Savings Bank at 14.4 percent and Current deposits at 37.9 percent. The Bank has always believed in setting a trend and when the industry's deposits have grown by 22 percent your Bank's Domestic Deposits grew by over 32 percent (previous year 22 percent). Likewise, the Indian Banking Industry registered a credit growth of 22 percent and your Bank's credit grew by 31 percent in domestic operations.

The **Net Profit** for the year 2007-08 was **Rs. 2009 Crore**, registering a growth of 79 percent over the previous year. This is the highest y-o-y percentage increase in profit recorded, compared to peer Public Sector Banks during the year. The Bank successfully migrated to Basel II with Capital Adequacy Ratio of 12.04 percent (Basel-I 12.95 percent). Net NPA declined to 0.52 percent (previous year 0.96 percent) while Gross NPA reduced to 1.68 percent (previous year 2.42 percent). All this has led the Bank to scale new heights not only in terms of business volumes but also in terms of sound financial health.

www.reportjunction.com

यह आकर्षक कार्य-निष्पादन खंडीकरण के नए कारोबार मॉडल को अपनाए जाने का परिणाम है, जिसके अंतर्गत शाखाओं को उनके नियंत्रण क्षेत्र में संभावी प्रमुख कारोबार के आधार पर स्त्रोत केन्द्र, लाभ केन्द्र, प्राथमिकता क्षेत्र केन्द्र और सामान्य बैंकिंग केन्द्र के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उपयुक्त मॉडल के माध्यम से वर्ष भर आधारभूत ग्राहक और कारोबार पर ध्यान केन्द्रित करके बैंक ने लक्ष्य को पार कर लिया। बैंक ने लगने वाले समय को कम करने और खुदरा खण्ड में ऋण शीघ्र तथा समय पर देने हेतु ''20 रिटेल हर्ब'' शुरु किए हैं।

The stellar performance was a result of adoption of a new Business model of Segmentation - which envisaged the branches being categorised as Resource Centre, Profit Centre, Priority Sector Centre and General Banking Centre based on the predominant business potential in their command area. The above model enabled the Bank to exceed the targets, set for the year through focused attention towards niche clientele and business. Bank also started 20 'Retail Hubs' with the aim of reducing the turnaround time and for quick & timely delivery of credit in retail segment.

मार्च, 08 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के परिचालन व्ययों का 80 प्रतिशत गैर-ब्याज आय से पूरा हुआ है। बैंक का उद्येश्य जिसे 100 प्रतिशत के अंतर्राष्ट्रीय मानदंड तक बढ़ाना है।

For the year ended March'08 non-interest income of the Bank covered 80 percent of the operating expenses, which the Bank aims to increase to the International Benchmark of 100 percent.

रिमोट बैंकिंग के इस युग में भी आपके पास-पड़ोस में शाखा की उपलब्धता के महत्व को अनदेखा नहीं किया जा सकता। अपनी पहुँच को और बढ़ाने के लिए बैंक ने वर्ष 2007-08 में 131 नई शाखाएँ खोली और 27 विस्तार पटलों को स्वयं पूर्ण शाखाओं में परिवर्तित किया गया और इस प्रकार **स्वदेशी शाखाओं की संख्या 2974** हो गई है। जनसंख्या के विभिन्न वर्गो की विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक की 155 विशेषीकृत शाखाएं हैं।

Even in the era of remote banking, significance of availability of a branch in the vicinity cannot be discounted. To increase its reach, the Bank opened 131 new branches and converted 27 extension counters into full-fledged branches in 2007-08, thus having **2974 domestic outlets**. The Bank has 155 specialised branches catering to the specific financial needs of different segments of the population.

ग्राहक सेवा तथा बैंक की सुविधा में वृद्धि हेतु तकनीकी पहल के रूप में **1525** शाखाओं का **कोर बैंकिंग सोल्यूशन समूह** बनाया गया है। सहभागिता एटीएम नेटवर्क के द्वारा ग्राहकों को लगभग **13000 एटीएम** सुविधा उपलब्ध है। बैंक ने 37 प्रमुख केन्द्रों पर बैक ऑफिस परिचालन को केन्द्रीकृत किया, जिससे प्रसंस्करण प्रक्रिया तथा उत्पादकता में वृद्धि हुई। जोहान्सबर्ग में एक प्रतिनिधि कार्यालय के शुभारम्भ के साथ आपके बैंक ने **14 देशों में विदेशी कार्यालयों की संख्या 26** करके भौगोलिक विस्तार किया है। वित्तीय वर्ष 2007-08 के दौरान बैंक ने **पीटी बैंक स्वदेशी टीबीके, इंडोनेशिया** में 76 प्रतिशत हिस्सेदारी अर्जित की और किसी भी भारतीय बैंक द्वारा ऐसा पहली बार किया गया है।

To leverage technology to enhance customer care and convenience the Bank extended **Core Banking Solution** to **1525** branches. Around **13000 ATMs** were made available to customers through shared ATM networks. At 37 major centres, the Bank has centralized the back office operations, leading to improvement in process efficiencies and productivity. With the inauguration of a representative office in Johannesburg, the Bank extended its geographical reach **abroad** to **26 Offices spread over 14 countries**. During FY 2007-08, the Bank acquired 76 percent stake in **PT Bank Swadesi Tbk, Indonesia,** first such deal by any Indian Bank.

क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट द्वारा पूँजी उगाहने में सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों में आपका बैंक सर्वप्रथम है। बढ़ती कारोबारी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए रु. 1,360 करोड़ की राशि सफलता पूर्वक उगाही गई। इसके अतिरिक्त नवोन्मेषकारी सतत ऋण लिखतों को जारी कर रु. 655 करोड़ की उगाही की गई।

Your Bank is first among the Public Sector Banks to raise Capital through the Qualified Institutional Placement route. An amount of Rs. 1,360 crore was successfully raised to support the ever-increasing Business needs. Additionally, Rs.655 crore was raised by issue of Innovative Perpetual Debt Instruments.

आपके बैंक का यह प्रयास रहा है कि वह गतिशील तथा ऊर्जावान बना रहे, उच्च स्तरीय कम्पनी अभिशासन तथा ठोस मूल्य प्रणाली के उच्च मानकों सहित सामाजिक तौर पर जिम्मेदार रहे। इस वर्ष के दौरान बैंक के शैक्षणिक ऋण संविभाग में 42 प्रतिशत

It has been the endeavour of your Bank to be a dynamic and energetic bank socially responsible with high standards of corporate governance and sound value system. The Bank's Education Loan portfolio has registered a robust

www.reportjunction.com

की विशाल वृद्धि दर्ज हुई। शैक्षणिक ऋण लेनेवाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों के हितों की रक्षा करने के लिए एक वैकल्पिक जीवन बीमा कवर उपलब्ध कराया गया। बैंक ने डायमंड ग्राहकों के लिए एक मुफ्त व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध कराया है। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए बैंक ने स्टार मित्र व्यक्तिगत ऋण योजना तैयार की है।

42 percent growth during the year. To protect the interests of the students and their parents, who avail educational loans, an optional life insurance cover is made available. The Bank has introduced a Free Personal Air Travel Insurance Cover for the Diamond Customers. The Bank has provided free Personal Accident Insurance Cover to home loan borrowers. The bank has formulated Star Mitra Personal Loan scheme, for extending Financial Support to physically challenged persons.

बुनियादी बैंकिंग सेवाओं से वंचित विशाल जनसंख्या को कवर करने के उद्देश्य से बैंक ने मोबाईल तकनीकी समर्थ समाधानों द्वारा उनका वित्तीय समावेशन किया। ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बैंक हमेशा अग्रणी रहा है, जिसमें उसका केन्द्रबिंदु कृषि क्षेत्र रहा है। निवल समायोजित बैंक ऋण का 49.33 प्रतिशत घटक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार का रहा। कृषि ऋण 19.73 प्रतिशत और प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम 13.97 प्रतिशत रहे। कमजोर तबके को 12.09 प्रतिशत अग्रिम दिया गया। लघु मध्यम उद्यम क्षेत्र में ऋण में 25.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बैंक का हमेशा यह प्रयास रहा है कि वाणिज्यिक उद्दश्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन रखा जाए।

The need for covering vast populace still deprived of basic banking services has led the Bank to go for financial inclusion through mobile technology enabled solutions. The Bank is always in the forefront in the area of rural development with focused attention on Agriculture sector. Priority Sector lendings constitute 49.33 percent of the Net Adjusted Bank Credit. Agricultural Credit constitutes 19.73 percent and Direct Agricultural advances account for 13.97 percent. The advance to weaker sections constitutes 12.09 percent. Credit to SME sector grew by 25.84 percent. Bank has always endeavoured to strike a viable equilibrium between commercial objectives and social responsibilities.

हमारे सुसंगत कार्य-निष्पादन की पहचान, सरकार, उद्योग, ग्राहकों एवं विश्व द्वारा की गई, जिसका प्रत्यावर्तन वर्ष के दौरान हमें प्राप्त अनेकों पुरस्कारों एवं प्रशंसाओं में झलकता है। इनमें से कुछ नाम हैं- **सूक्ष्म एवं छोटे उद्यम क्षेत्र को उधार में श्रेष्ठता** के लिए **राष्ट्रीय पुरस्कार, भारत सरकार** द्वारा जारी केवीआई के अंतर्गत **कार्य-निष्पादन हेतु स्वर्ण जयंती पुरस्कार 2007, उड़ीसा सरकार द्वारा** 2007-08 के दौरान महिला स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण हेतु "मिशन शक्ति" के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन पुरस्कार, न्यूयॉर्क, यूएसए में एवरेस्ट ग्रूप तथा फोर्ब्स द्वारा प्रायोजित **बाह्य स्त्रोत उपयोग में श्रेष्ठता हेतु अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार**।

Our consistent performance has been recognized by the Government, Industry, Customers and the world at large, which is reflected in the number of awards and accolades, which we have received during the year. To name a few – **National Award** for Excellence in lending to **Micro & Small Enterprises Sector, Golden Jubilee** Award 2007 for performance under Khadi & Village Industries issued by **Government of India**, **Best Performance** Award under "Mission Shakti" for financing Women SHGs during 2007-08 by the **Government of Orissa**, **International Award for Excellence in outsourcing** sponsored by Everest Group & Forbes at New York, USA.

यह गौरव की बात है कि **पेंशन फंड रेगुलेटरी एण्ड डेवलपमेंट अथॉरिटी** ने अपने बैंकिंग लेन देन के लिए बैंक को ट्रस्टी के रूप में चयनित किया।

It is a matter of prestige for the Bank to have been selected by **Pension Fund Regulatory & Development Authority** as the trustee bank for undertaking their banking transactions.

इस गति से प्रगति के बाद चालू वर्ष में अपने कारोबार को समेकित करने की बैंक की योजना है। बैंक कम लागत जमाराशियों की वृद्धि, ग्राहक आधार विस्तार, आस्ति गुणवत्ता एवं गैर-ब्याज आय में वृद्धि करने पर ध्यान केन्द्रित करेगा। बैंक नें उत्तम वित्तीय पर्यावरण बनाने का निर्णय लिया है। आने वाले दिन बैंकिंग उद्योग के लिए चुनौतियों भरे हो सकते है, जिसके लिए बैंक सहर्ष रूप से तैयार है।

After growing at such a pace, the Bank plans to consolidate its business in the current year. The Bank will focus on increasing the low cost deposits, enlarge the customer base, improve the asset quality and augment the non-interest income. The Bank has decided to make the best of the economic environment. The coming days may unveil more challenges for the Banking Industry, for which the Bank is adequately prepared.

www.reportjunction.com

बैंक ने हमेशा अपने शेयरधारकों की निर्बाध सहायता से अपनी अनोखी छाप छोड़ी है। आपके अत्यधिक विश्वास के कारण प्रभावी वृद्धि संभव हो पाई है, जिसने हम सभी को नीतियों को अंगीकृत करने हेतु प्रोत्साहित किया है, जिसके विशुद्ध कार्यनिष्पादन की वजह से हम संगठित रूप में खड़े रहेंगे। बैंक में हम सभी का विश्वास है कि आपके द्वारा दिखाया गया उत्साह और संरक्षण आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा ताकि बैंक सफलता की और ऊँचाइयों को छुए।

शुभकामनाओं सहित,

दिनांक : 30.04.2008

(टी.एस. नारायणसामी)

Your Bank has always made a mark for itself with the consistent support of its shareholders. The impressive growth has been possible due to unstinted faith of our patrons, which has motivated all of us, to excel so that the bank will be in a league by itself by sheer performance. All of us, at the Bank trust that the encouragement and patronage shown by you will continue in the days to come so that the Bank can scale greater heights.

With warm regards,

Date: 30.04.2008

(T.S. Narayanasami)

ReportJunction.com

www.reportjunction.com

बैंक ऑफ़ इंडिया
BANK OF INDIA

प्रधान कार्यालय : स्टार हाउस, सी-5, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.

Head Office : Star House, C-5, 'G' Block, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक ऑफ़ इंडिया के शेयरधारकों की बारहवीं वार्षिक आम बैठक शुक्रवार दिनांक 11 जुलाई, 2008 को दोपहर 2.30 बजे बैंक ऑफ़ इंडिया ऑडिटोरियम, स्टार हाउस, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 में निम्नलिखित कार्य के लिए आयोजित की जाएगी :

मद सं. 1: ''बैंक के तुलन-पत्र यथा दिनांक 31 मार्च, 2008 एवं दिनांक 31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि लेखा, लेखा एवं लेखा परीक्षकों की तुलन पत्र और खातों पर रिपोर्ट की अवधि में बैंक की कार्यप्रणाली और कार्यकलापों के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट पर चर्चा करना, अनुमोदन देना और स्वीकार करना।

मद सं. 2 : वित्तीय वर्ष 2007-08 के लिए इक्विटी शेयरों पर लाभांश की घोषणा करना।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 29.05.2008

(टी.एस. नारायणसामी)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

NOTICE

NOTICE is hereby given that the Twelfth Annual General Meeting of the Shareholders of Bank of India will be held on Friday, 11th July, 2008 at 2.30 p.m. at Bank of India Auditorium, Star House, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051, to transact the following business:

Item No.1: "To discuss approve and adopt the Balance Sheet of the bank as at 31st March, 2008, Profit and Loss Account for the year ended 31st March 2008 Report of the Board of Directors on the working and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditors' Report on the Balance Sheet and Accounts."

Item No. 2: "To declare Dividend on Equity Shares for the Financial year 2007-08".

Place : Mumbai
Date : 29.05.2008

(T.S. Narayanasami)
Chairman & Managing Director

www.reportjunction.com

टिप्पणियां :

1. परोक्षी की नियुक्ति

बैठक में भाग लेने तथा मतदान के हकदार शेयरधारक अपने स्थान पर भाग लेने तथा मतदान हेतु एक परोक्षी नियुक्त कर सकते हैं। परोक्षी फार्म को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित फार्म उसमें निर्धारित स्थान पर वार्षिक आम बैठक के कम से कम 4 (चार) दिन पूर्व अर्थात शनिवार 5 जुलाई, 2008 को या उससे पहले अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए.

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

कोई भी व्यक्ति, जो किसी ऐसी कंपनी या अन्य किसी निकाय-कंपनी जो बैंक की शेयरधारक है, का विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि है, द्वारा आम बैठक के दिनांक से 4 (चार) दिन पहले अर्थात शनिवार 5 जुलाई, 2008 को या उससे पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में, जिस बैठक में उसे प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने का संकल्प पारित किया गया था, के अध्यक्ष द्वारा उक्त संकल्प की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि यदि प्रस्तुत नहीं की जाती है तो उसे बैठक में उपस्थित रहने का, मत देने का अधिकार नहीं होगा.

3. लेखाबंदी

शेयर धारकों का रजिस्टर एवं बैंक का शेयर अंतरण रजिस्टर वार्षिक आम बैठक एवं लाभांश के भुगतान के लिए पात्रता अभिनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार 5, जुलाई 2008 से शुक्रवा 11 जुलाई, 2008 (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेगा।

4. पते में परिवर्तन

जिन शेयरधारकों के पास शेयर डिमेट स्वरूप में हैं उन्हें अपने पते में यदि कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना उनसे संबंधित सहभागी निक्षेपागार को देनी चाहिए। जिनके पास शेयर प्रत्यक्ष रूप में हैं, उन्हें अपने पते में परिवर्तन की सूचना बैंक के पंजीयक एवं शेयर अंतरण एजेंट को निम्नलिखित पते पर देनी चाहिए।

मेसर्स शेयरप्रो सर्विसेज (इंडिया) प्रा. लि.
यूनिट : बैंक ऑफ़ इंडिया,
साटम इस्टेस्ट, तीसरी मंजिल,
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के ऊपर,
कार्डिनल ग्रेसियस रोड,
चकाला, अंधेरी (पूर्व),
मुंबई - 400 099.
टे.नं.: 67720300
ई-मेल : sharepro@vsnl.com

5. लाभांश भुगतान

बोर्ड द्वारा अनुसंशित लाभांश की घोषणा यदि वार्षिक आम सभा में की जाती है तो लाभांश का भूगतान 17 जुलाई 2008 को उन शेयर धारकों को किया जाएगा

NOTES

1. APPOINTMENT OF PROXY

A shareholder entitled to attend and vote at the Annual General Meeting is entitled to appoint a Proxy to attend and vote on his/her behalf. The Proxy form, in order to be effective, must be received at the place specified in the Proxy form not later than 4(four) days before the date of the Annual General Meeting, i.e. on or before the close of banking hours on Saturday, the 5th July, 2008.

2 APPOINTMENT OF AUTHORISED REPRESENTATIVE

No person shall be entitled to attend or vote at the meeting as a duly authorised representative of a Company or any other Body Corporate which is a shareholder of the Bank, unless a copy of the Resolution appointing him/her as a duly authorised representative, certified to be true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed, shall have been deposited at the Head Office of the Bank not less than 4 (four) days before the Annual General Meeting on or before the close of banking hours on Saturday, the 5th July, 2008.

3. BOOK CLOSURE

The Register of the shareholders and the Share Transfer Register of the Bank will remain closed from Saturday, July 5, 2008 to Friday, July 11, 2008 (both days inclusive), for the purpose of Annual General Meeting and ascertainment of entitlement for payment of dividend.

4. CHANGE OF ADDRESS

Shareholders holding shares in dematerialised form should communicate the change of address, if any, to their Depository Participant. Share holders who hold shares in physical form should communicate the change of address to the Registrar and Share Transfer Agent of the Bank at the following address :

M/s. Sharepro Services (India) Pvt. Ltd.
Unit: Bank of India
Satam Estate, 3rd Floor,
Above Bank of Baroda,
Cardinal Gracious Road,
Chakala, Andheri (East),
Mumbai - 400 099.
Phone – 67720300
E-mail – sharepro@shareproservices.com

5. PAYMENT OF DIVIDEND

The dividend, as recommended by the Board, if declared at the Annual General Meeting, will be paid on 17th July, 2008 to those shareholders

www.reportjunction.com

जिनका नाम बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है:

क) हितकारी मालिका के रुप में 4 जुलाई 2008 को कारोबार घंटे की समाप्ति पर राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि. (एनएसडीएल) तथा केन्द्रीय निक्षेपागार सेवाएं (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) द्वारा प्रस्तुत सूची के संबंध में शेयर अमूर्त रुप में रखे गए है।

ख) 4 जुलाई, 2008 को या उससे पहले बैंक को जमा किए गए वैध शेयर अंतरण को प्रभाव देने के बाद एक शेयरधारक के रुप में बैंक के सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज किया जाता है।

6. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेशपत्र

शेयरधारकों की सुविधा के लिए उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेशपत्र इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है। शेयरधारकों / परोक्षियों / प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें और बैठक स्थल पर उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेशपत्र सुपुर्द कर दें। शेयरधारक के परोक्षी / प्रतिनिधि को उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेशपत्र में परोक्षी अथवा प्रतिनिधि में से वह जिस रूप में उपस्थित हो रहे हों उसका उल्लेख कर देना चाहिए।

7. अदावाकृत लाभांश यदि कोई हो

वे शेयरधारक जिन्होंने अपने लाभांश, वारंट अभी तक नहीं भुनाए हैं या उन्हें पहले की अवधि के कोई वारंट अभी तक नहीं मिले हैं तो उनसे अनुरोध है कि वे वारंट की अनुलिपि जारी करने के लिए अंतरण एजेंट से संपर्क करें।

बैंकिंग कंपनी (अधिग्रहण एवं उपक्रमों का अंतरण) अधिनियम, 1970 की नई धारा 10 बी के अनुसार लाभांश की सात वर्ष तक अदत्त राशि या अदावाकृत राशि कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 205-सी के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा गठित इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड में अंतरित करना होती है और इसलिए इसके भुगतान को कोई दावा बैंक पर या आई ई पी एफ पर नहीं रहेगा।

whose names stand registered on the Bank's Register of Members:

a) as Beneficial Owners as at the end of business hours on 4th July 2008, as per the list to be furnished by National Securities Depository Limited (NSDL) and Central Depository Services (India) Limited (CDSL) in respect of shares held in dematerialised form.

b) As Shareholders in the Register of Members of the Bank after giving effect to valid share transfers lodged with the Bank, on or before 4th July 2008.

6. ATTENDANCE SLIP-CUM-ENTRY PASS

For the convenience of the shareholders, Attendance Slip-cum-Entry pass is annexed to this Report. Shareholders/ Proxyholders/ representatives are requested to affix their signatures at the space provided therein and surrender the Attendance Slip- cum-Entry Pass at the venue. Proxy/Representative of a shareholder should state on the Attendance slip-cum-Entry pass "Proxy" or "Representative" as the case may be.

7. UNCLAIMED DIVIDEND IF ANY

The shareholders who have not encashed their Dividend Warrants / received for previous periods if any are requested to contact the Share Transfer Agent of the Bank for issue of duplicate.

As per the new Section 10B of the Banking Companies (Acquisitions and Transfer of Undertakings) Act, 1970 , the amount of dividend remaining unpaid or unclaimed for a period of seven years is required to be transferred to the Investor Education and Protection Fund (IEPF) established by the Central Govt. under Section 205C of the Companies Act, 1956, and thereafter no claim for payment shall lie in respect thereof either on the Bank or on IEPF.

www.reportjunction.com

निदेशक रिपोर्ट

31 मार्च, 2008 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशक मण्डल, अंकेक्षित लेखा विवरण और नकदी प्रवाह विवरण सहित बैंक की वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

कार्यनिष्पादन की मूख्य बातें

वित्तीय मानदंड

- परिचालनगत लाभ रु. 3701 करोड़
- सर्वाधिक शुद्ध लाभ रु. 2009 करोड़ गत वर्ष की तुलना में 79% की वृद्धि दर्ज की गई।
- पूँजी पर्याप्तता अनुपात गत वर्ष के 11.75% की तुलना में 12.95% रहा।
- शुद्ध सम्पत्ति रु. 8628 करोड़ अर्थात् गत वर्ष मार्च 2007 की तुलना में 57% की वृद्धि
- प्रति शेयर बही मूल्य रु. 164.05 (पिछले वर्ष रु. 112.75)
- सकल एनपीए अनुपात मार्च 2007 की समाप्ति के स्तर 2.42% से घटकर 1.68% हुआ।
- शुद्ध एनपीए अनुपात घटकर 0.52% हो गया है, जबकि यह 31.03.07 को 0.96% था।
- बैंक के कुल कारोबार रु. 264,805 करोड़ पर जा पहुंचा । इस प्रकार इसमें 58,132 करोड़ (28.1%) की वृद्धि दर्ज हुई। देशी कारोबार में 31.8% की वृद्धि हुई और यह रु. 216,804 करोड़ के स्तर पर पहुँच गया है।



- बैंक की कुल जमाराशिया रु. 30.130 करोड़ की वृद्धि के साथ रु. 150.012 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई अर्थात 25.1% की वृद्धि हुई। स्वदेशी जमाराशियों में 32.4% की वृद्धि हुई और ये रु. 125,416 करोड़ तक पहुँच गई। स्वदेशी जमाओं में कम लागत वाली जमाओं का हिस्सा 31.03.08 को 36% है।
- बैंक का कुल सकल ऋण 32.3% की वृद्धि के साथ रु. 114,793 करोड़ तक पहुँच गया, जिसमें स्वदेशी ऋण में 30.9% की वृद्धि दर्ज की गई और यह रु. 91,388 करोड़ के स्तर पर पुहँच गया।
- शुद्ध समायोजित बैंक ऋण का 49.33% भाग प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार का रहा और शुद्ध समायोजित बैंक ऋण में कृषि ऋण का हिस्सा 19.73% रहा।
- एसएमई क्षेत्र का ऋण रु. 16,211 करोड़ से बढ़कर रु. 20,400 करोड़ हुआ। (गत वर्ष के 22.17% के मुकाबले 25.84% की वृद्धि)
- योजनाबद्ध खुदरा ऋण में 22% की वृद्धि हुई, जो रु. 6,235 से बढ़कर रु. 7,607 करोड़ हो गया।



- निर्यात ऋण रु. 1402 करोड़ अर्थात् 26.63% की वृद्धि दर्ज हुई।

नये उत्पाद एवं सेवाएं

- बचत बैंक डायमंड ग्राहक (रु. 1 लाख एवं उससे अधिक का औसत तिमाही शेष रखने वाले बचत बैंक खाता धारक) संपर्की प्रबंधक की सेवाओं का लाभ उठाने के अलावा उन्हें अब रु. 5 लाख तक नि:शुल्क हवाई दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया गया है।

DIRECTORS' REPORT

The Board of Directors have pleasure in presenting the Bank's Annual Report along with the audited statement of accounts and the cash flow statement for the year ended 31st March 2008.

PERFORMANCE HIGHLIGHTS

FINANCIAL PARAMETERS

- Operating profit Rs. 3701 crore.
- All time high Net Profit of Rs. 2009 crore, recording 79% growth over previous year.
- Capital Adequacy Ratio at 12.95% as against 11.75%, the previous year.
- Net Worth Rs. 8628 crore, growth of 57% over March 2007.
- Book Value per share Rs. 164.05 (Rs. 112.75 previous year)
- Gross NPA ratio declined to 1.68 % from 2.42% at March-end 2007.
- Net NPA ratio declined to 0.52% as against 0.96% as on 31.03.07.
- Total business reached at Rs. 264,805 crore recording a growth of Rs. 58,132 crore (28.1%). Domestic business grew by 31.8% to reach the level of Rs. 216,804 crore.
- Total deposits increased by Rs. 30,130 crore to reach the level of Rs. 150,012 crore, a growth of 25.1%. Domestic deposits increased by 32.4% to reach the level of Rs. 125,416 crore. Share of low cost deposits in the domestic deposits is 36% as on 31.03.08.
- Gross credit touched Rs. 114,793 crore, growth by 32.3% with domestic credit recording a growth of 30.9% to reach level of Rs.91,388 crore.
- Priority Sector lending constituted 49.33% of Net Adjusted Bank Credit and the share of Agricultural Credit to Net Adjusted Bank Credit stood at 19.73%.
- Credit to SME sector grew from Rs.16,211 crore to Rs.20,400 crore (25.84% growth as against 22.17% growth during the previous year).
- Schematic Retail Credit grew by 22% from Rs. 6,235 crore to Rs. 7,607 crore.
- Export Credit registered a rise of Rs. 1402 crore, i.e., 26.63% growth.

NEW PRODUCTS & SERVICES

- SB Diamond Customers (SB account holders having average quarterly balance of Rs. 1 lac & above) apart from enjoying services of a Relationship Manager, now provided with free air accidental insurance upto Rs. 5 lacs.

www.reportjunction.com

- 99.9% की शुद्धता के सोने के सिक्के बेचने का कार्य बड़े पैमाने पर प्रारंभ किया गया था। वर्ष के दौरान 1.05 लाख सोने के सिक्के बेचे गये थे, जिससे रु. 12 करोड़ की आय अर्जित की गई।
- खुदरा व्यापार संवर्ग के अंतर्गत अक्षय ऊर्जा दुकानें और स्टार धनवंतरी सुविधा योजना एवं पी व एसइ संवर्ग के अंतर्गत कर विवरणी तैयार करने वालों के लिए योजना प्रारंभ की गई। एक मात्र महिलाओं के लिए हमारी प्रियदर्शनी योजना की विशेषताओं को पुन: तैयार किया गया है।
- ''रिश्तों की जमा-पूँजी'' के अंतर्गत हमारी प्रतिबद्धता के अनुसार शारीरिक दृष्टि से चुनौतिपूर्ण व्यक्तियों को वित्तीय समर्थन प्रदान करने के लिए स्टार मित्र वैयक्तिक ऋण योजना और विशेष रुप से महिलाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महिला स्वर्ण ऋण योजना प्रारंभ की गई थी।
- 1525 शाखाओं में कोर बैंकिंग सोल्यूशन लागू किया गया।
- वीसा और मास्टर कार्ड के नेटवर्क के अतिरिक्त शेयर्ड एटीएम के जरिए ग्राहकों को लगभग 13000 एटीएम उपलब्ध कराए गए।
- 1442 शाखाओं का आरटीजीएस से और 1400 शाखाओं को एनइएफटी से युक्त किया गया।
- विभिन्न भुगतान प्रणालियों जैसे कि आरटीजीएस, स्विफ्ट आदि के आवेदनों को समाकलित करने के लिए भुगतान हब बनाया गया।
- शैक्षक्षिक ऋण आवेदन के लिए ऑन-लाईन सुविधा उपलब्ध कराई गई।
- बिजली की अत्यंत कमी का सामना कर रही 65 ग्रामीण एवं अर्ध शहरी शाखाओं में सौर उर्जा प्रणाली लगाई गई।
- ग्रामीण शाखाओं में वित्तीय समावेशन/भुगतान सोल्यूशन/ई-कामर्स एक्टिविटीस, वायरलेस/वी सेट कनेक्टिविटी सुविधा के लिए मोबाईल टेक्नोलॉजी जैसी प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराई गई / कार्यान्वित की गई तथा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से क्रेडिट कार्ड के विवरण उपलब्ध कराए गये हैं।

कारोबार पहल

- संगठनात्मक पुनर्संरचना के परिणामस्वरुप ग्राहक खण्डीकरण पर आधारित अनुकूल कारोबार इकाई या एसबीयू का गठन किया गया है। शाखाओं का उनके कारोबार केन्द्र के अनुसार वर्गीकरण किया गया है, अर्थात, स्रोत केन्द्र, लाभ केन्द्र, प्राथमिकता क्षेत्र और सामान्य बैंकिंग।
- 50 विशेषीकृत एसएमई शाखाओं के माध्यम से एसएमई वित्त पोषण पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है।
- एकल खिड़की बैंकिंग संकल्पना पर पूरे देश में कार्यरत 20 केन्द्रों पर परिचालित ''रिटेल हब'' के माध्यम से खुदरा ऋण व्यवसाय पर लगातार ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है।
- वित्तीय समावेशन के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सूचना प्रौद्योगिकी पहल को कार्यान्वित किया गया है और कारोबार संपर्की तथा कारोबार सरलीकरण की संकल्पना की शुरुआत की गई है।
- बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों के लिए विशेष रूप से एनआइसीएल के साथ ताल-मेल के अंतर्गत व्यापक घरेलू यात्रा बीमा योजना प्रारंभ की गई है।
- आइएनजी इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट तथा फ्रैंकलिन टेम्पलीटोन इन्वेस्टमेंट के साथ उनके म्यूचुअल फंड उत्पादों को बेचने के लिए गठजोड किया गया है, जिसके कारण पाँच अग्रणी म्यूचुअल फंडों (एमएफ) के साथ गठजोडों की संख्या में वृद्धि हुई है।
- अंतर्राष्ट्रीय परिचालनों में विस्तार के लिए पीटी बैंक स्वदेशी टीबी के, इंडोनेशिया में 76% साझेदारी प्राप्त की है।

- Sale of gold coins of 99.9% purity was launched in a big way. During the year 1.05 lac gold coins were sold which earned an income of Rs. 12 crore.
- Akshay Urja Shops under Retail Trade category and Star Dhanvantari Suvidha Scheme & Scheme for Tax Return Preparers under P&SE category were introduced. Features of our Priyadarshini Yojna, exclusively for women, have been revamped.
- Star Mitra Personal Loan scheme, for extending financial support to physically challenged persons and Star Mahila Gold Loan Scheme to specifically cater to the needs of women were introduced as our commitment under "Relationship beyond banking".
- Core Banking Solution implemented in 1525 branches.
- Around 13000 ATMs made available to customers through shared ATMs network, besides the network of ATMs of VISA and Master Card.
- RTGS enabled branches numbered 1442 and NEFT enabled branches 1400.
- Payment hub created to integrate application of various payment systems like RTGS, SWIFT, etc.
- On line facility made available for Educational Loan Application.
- Solar Power System installed in 65 rural and semi-urban branches facing acute power shortage.
- Technologies availed / implemented like Mobile technology to facilitate financial inclusion / payment solutions / e-commerce activities, wireless/V-SAT connectivity at rural branches and Credit Card details through Internet Banking.

BUSINESS INITIATIVES

- Strategic Business Units or SBUs based on customer segmentation have been formed consequent to Organizational Restructuring. Branches have been categorised according to their business focus, i.e., Resource Centre, Profit Centre, Priority Sector Centre and General Banking Centre.
- Special focus on SME financing is given through 50 specialised SME branches in the country.
- The retail credit business is receiving continued focus through the operationalised 'Retail Hubs' at 20 centres across the country working on the concept of single window banking.
- To achieve objectives of financial inclusion, information technology initiatives implemented and the concept of business correspondents and business facilitators introduced.
- A comprehensive domestic travel insurance scheme under tie-up with NICL has been launched specially for the Bank of India account holders.
- Tie-up entered with ING Investment Management and Franklin Templeton Investments for sale of their mutual fund products, thereby increasing number of tie up arrangement with five leading MFs.
- A stake of 76% acquired in PT Bank Swadesi Tbk, Indonesia for expanding international operations.

www.reportjunction.com

वित्तीय समीक्षा

वित्तीय कार्य-निष्पादन

बैंक ने रु. 3701.21 करोड़ का परिचालन लाभ दर्ज किया, जिसमें गत वर्ष के 40.78% की वृद्धि की तुलना में 54.54% की वृद्धि हुई। शुद्ध लाभ रु. 2009.40 करोड़ हुआ। जिसमें पिछले वर्ष की 60.12% की वृद्धि की तुलना में 78.90% की वृद्धि दर्ज हुई है।

बहुत कुछ निवेश के प्रतिफल में गिरावट के कारण शुद्ध ब्याज मार्जिन मामूली सी कमी आई है। तथापि, मिश्रित कारोबार की मात्रा में 28.13% (रु. 206672 करोड़ से रु. 264,805 करोड़ तक) की वृद्धि के कारण शुद्ध ब्याज आय में 22.93% की वृद्धि हुई।

गैर-ब्याज आय में पर्याप्त रूप से 35.44% का उछाल आया। गैर-ब्याज आय ने गत वर्ष की 60% की तुलना में परिचालन व्ययों के 80% को कवर कर लिया।

वर्ष 2007-08 हेतु बैंक का वित्तीय कार्य-निष्पादन संक्षेप में नीचे दिया गया है।

(धनराशि रु. करोड़ में)

FINANCIAL REVIEW

Financial Performance

The Bank recorded an operating profit of Rs. 3701.21 crore, growth of 54.54% as against previous year's growth of 40.78%. Net Profit increased to Rs. 2009.40 crore recording growth of 78.90% as against previous year's growth of 60.12%.

The Net Interest Margin marginally declined largely due to fall in yield on investment. However, due to rise in volume of business mix by 28.13% (from Rs. 206672 crore to Rs. 264,805 crore), net interest income grew by 22.93%.

Non-interest income got quantum leap by 35.44%. Non interest income has covered 80% of operating expenses as against 60% in the previous year.

The Financial performance of the Bank for the year 2007-08 is summarised below:

(Amount in Rs. crore)

विवरण	Particulars	2006-07	2007-08	वृद्धि(%) Growth(%)
शुद्ध ब्याज आय	Net Interest Income	3440.47	4229.27	22.93
गैर-ब्याज आय	Non-Interest Income	1562.95	2116.93	35.44
परिचालनगत व्यय	Operating Expenses	2608.43	2644.99	1.40
परिचालनगत लाभ	Operating Profit	2394.99	3701.21	54.54
प्रावधान/आकस्मिकताएं	Provisions / Contingencies	1271.82	1691.81	33.02
शुद्ध लाभ	Net Profit	1123.17	2009.40	78.90
अर्जन प्रति शेयर (रु.)	Earnings per share (Rs.)	23.04	40.83	77.21
बही मूल्य प्रति शेयर (रु.)	Book value per share (Rs.)	112.75	164.05	45.50
औसत शुद्ध हैसियत पर प्रतिफल (%)	Return on Average Networth (%)	22.28	28.44	
औसत आस्तियों पर प्रतिफल (%)	Return on Average Assets (%)	0.88	1.25	

मुख्य वित्तीय अनुपात इस प्रकार है:

(प्रतिशत)

मानदंड	2006-07	2007-08
अग्रिमों से प्राप्ति	8.52	9.34
निवेशों से प्राप्ति	6.59	6.83
निधियों से प्राप्ति	7.03	7.71
जमाराशियों की लागत	4.31	5.23
निधियों की लागत	4.32	5.07
निवल ब्याज अंतर (परिशोधन व्यय छोड़कर)	3.20	3.11
निवल ब्याज अंतर (परिशोधन व्यय जोड़कर)	2.99	2.95
परिचालन व्ययों मे लिए गैर ब्याज आय	59.92	80.04
औसत कार्यकारी निधि में अन्य आय	1.23	1.32
औसत कार्यकारी निधि में परिचालन व्यय	2.05	1.65
औसत कार्यकारी निधि में स्टाफ व्यय	1.27	1.03
औसत कार्यकारी निधि में अन्य परिचालन व्यय	0.78	0.62
आस्ति उपयोग आय	1.88	2.31
कुल आय में गैर ब्याज आय	14.89	14.63
शुद्ध आय में गैर ब्याज आय	31.24	33.36
शुद्ध आय के प्रति लागत	52.13	41.68

Key Financial Ratios are presented below:

(Percentage)

Parameters	2006-07	2007-08
Yield on Advances	8.52	9.34
Yield on Investment	6.59	6.83
Yield on Funds	7.03	7.71
Cost of Deposits	4.31	5.23
Cost of Funds	4.32	5.07
Net Interest Margin (excluding amortisation exp.)	3.20	3.11
Net Interest Margin (including amortisation exp.)	2.99	2.95
Non Interest Income to Operating Expenses	59.92	80.04
Other Income to Average Working Fund	1.23	1.32
Operating Expenses to Average Working Fund	2.05	1.65
Staff Expenses to Average Working Fund	1.27	1.03
Other Operating Exp. to Average Working Fund	0.78	0.62
Asset Utilisation Ratio	1.88	2.31
Non-Interest Income to Total Income	14.89	14.63
Non-Interest Income to Net Income	31.24	33.36
Cost to Net Income	52.13	41.68

www.reportjunction.com